BACKGROUNDERS
Press Information Bureau
Government of India

# बिहार में हवाई संपर्क का बढ़ता दायरा

15 सितंबर, 2025

## बिहार के आसमान के लिए एक नई सुबह

पटना में एक धुंध भरी सर्दियों की सुबह, जैसे ही दिन की पहली उड़ान धुंध को चीरती हुई गुज़रती है, सैकड़ों यात्री नए टर्मिनल पर बेसब्री से प्रतीक्षा करते हैं। परीक्षा देने जा रहे घबराए हुए छात्रों के अलावा विवाह में जाने के लिए उत्साहित परिवारों से लेकर व्यापार की तलाश में लगे कुशल उद्यमियों तक, टर्मिनल उड़ान भरने के लिए तैयार कहानियों से गुलज़ार है। कुछ समय पहले तक, इन यात्राओं का अर्थ सिर्फ ट्रेन या बस में घंटों सफ़र करना होता था। आज, बिहार का आसमान नए टर्मिनलों, नए मार्गों और बढ़ते पंखों की एक अलग कहानी बयां कर रहा है। समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और बढ़ती आर्थिक आकांक्षाओं से युक्त राज्य बिहार में, विमानन क्षेत्र राष्ट्रीय और वैश्विक पहुंच के साथ एक परिवर्तनकारी परिवर्तन के दौर से गुज़र रहा है।



## बिहार के प्रमुख विमानन केंद्र

हाल की परियोजनाओं ने पटना, दरभंगा, गया, बिहटा और पूर्णिया को शेष भारत से जोड़ते हुए बिहार को पहले से कहीं अधिक प्रमुखता से विमानन मानचित्र पर ला दिया है। आधुनिक टर्मिनलों से लेकर नए हवाई अड्डों तक, सभी इस बात का संकेत देते हैं कि बिहार सिर्फ सक्षम ही नहीं बना रहा है, बल्कि यह निरंतर आगे बढ़ रहा है।

# पूर्णिया हवाई अड्डे ने एक नए युग में प्रवेश किया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्णिया हवाई अड्डे के न्यू सिविल एन्क्लेव में अंतरिम टर्मिनल भवन का उद्घाटन **करते हुए हवाई संपर्क के क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाया**। नई सुविधा यात्री प्रबंधन क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाती है, जिससे क्षेत्र में हवाई यात्रा की बढ़ती मांग को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए हवाई अड्डे की स्थिति  और अत्याधुनिक बन जाती है। यह न केवल बिहार के विमानन बुनियादी ढांचे को मजबूत करता है, बल्कि राज्य के प्रमुख जिलों में से एक में आर्थिक गतिविधि, पर्यटन और पहुंच को बढ़ावा देने का भी वादा करता है।




# पटना एयरपोर्ट: बिहार की विमानन गाथा में शानादर उपलब्धि

विशाल लाउंज, कुशल चेक-इन सिस्टम और आराम के लिए निर्मित सुविधाओं के साथ, एक चमचमाता हुआ नया टर्मिनल अब **पटना के जय प्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे** पर तैयार है और बिहार की विमानन यात्रा में एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। आधुनिक वास्तुकला और उन्नत यात्री सुविधाओं के साथ डिज़ाइन किया गया, टर्मिनल **वार्षिक 10 मिलियन यात्रियों को संभाल सकता है**, एक ऐसा पैमाना जो बिहार की बढ़ती आकांक्षाओं से मेल खाता है। वर्ष  **2014 से 2024 के दौरान**, पटना हवाई अड्डा बिहार के विमानन नेटवर्क में एक प्रमुख नोड के रूप में उभरा, जिसने लगभग **3 करोड़ यात्रियों** को संभाला, लगभग **83,000 टन माल ढुलाई** की और **सालाना 24,026 औसत विमानों की आवाजाही दर्ज की**। ये उपलबधियां न केवल संख्या में वृद्धि को दर्शाती हैं, बल्कि बिहार के हवाई बुनियादी ढांचे की एक आधुनिक, समावेशी प्रणाली में व्यापक क्रांति को दर्शाते हैं। हवाई अड्डा राज्य भर के यात्रियों के लिए एक सच्चे प्रवेश द्वार में बदल गया है।



*प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 29 मई, 2025 को पटना हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे*



*पटना हवाई अड्डे पर टर्मिनल*

## बिहटा हवाई अड्डा: भविष्य का निर्माण

विमानन गति को बढ़ावा देने की एक और उपलब्धि बिहटा **हवाई अड्डे** का विकास है। **1,413 करोड़ रूपए के निवेश वाली एक परियोजना**, बिहटा वायु सेना स्टेशन में नए सिविल एन्क्लेव की आधारशिला रखी गई है जो पटना के पश्चिम में एक प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य करेगी। 50 लाख यात्रियों को संभालने के लिए डिज़ाइन की गई इसकी आधुनिक सुविधाएं पटना के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की पूरक होंगी, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी और मजबूत होगी।

बिहटा टर्मिनल आधुनिक विमानन वास्तुकला को बिहार के सुनहरे अतीत की गूँज के साथ मिश्रित करता है, जो मौर्य और गुप्त राजवंशों की भव्यता के साथ-साथ नालंदा और विक्रमशिला की विद्वतापूर्ण विरासतों से प्रेरणा लेता है। बिहटा न केवल उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे में, बल्कि दृष्टिकोण के मामले में उन्नत है। यह बिहार के विमानन विकास के अगले चरण के लिए एक लॉन्चपैड बनने की ओर अग्रसर है, इससे आसान यात्रा को सक्षम बनाया जाएगा, व्यापार का समर्थन होगा और यह राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए नए अवसरों को आकर्षित करेगा।

## दरभंगा एयरपोर्ट: उत्तर बिहार का स्काई ब्रिज

वर्ष 2020 में उड़ान क्षेत्रीय संपर्क योजना **के तहत चालू होने के बाद से**, **दरभंगा हवाई अड्डा** तेजी से बिहार के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी बन चुका है। **दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु** जैसे प्रमुख महानगरों के लिए सीधी उड़ानों के साथ, इसने देश भर में अवसरों और गंतव्यों के द्वार खोल दिए हैं।

अकेले वित्त वर्ष 2023-24 में, **5 लाख से अधिक यात्रियों** ने दरभंगा को अपने लॉन्चपैड के रूप में चुना, प्रत्येक उड़ान एक संकेत है कि कनेक्टिविटी उनके द्वार पर पहुंच चुक है। दरभंगा का बढ़ता उड़ान नेटवर्क समावेशन का प्रतीक है। यह उत्तर बिहार के लोगों को भारत के शहरी केंद्रों के करीब लाता है, साथ ही उनकी संस्कृति, प्रतिभा और उद्यम को राज्य की सीमाओं से परे भी ले जाता है।

## गया हवाई अड्डा: बढ़ते वादे के साथ एक बौद्ध प्रवेश द्वार

कुछ हवाई अड्डे गया की तरह इतिहास और आधुनिक यात्रा दोनों का प्रबंधन संभालते हैं। हर साल, यह छात्रों और पेशेवरों का स्वागत करता है, साथ ही बोधगया में बुद्ध के मार्ग पर चलने वाले हजारों तीर्थयात्रियों, भिक्षुओं और साधकों के लिए अपने द्वार भी खोलता है। **954 एकड़** में फैला और सटीकता के साथ निर्मित, यह **250 आगमन और 250 प्रस्थान को संभालने में सक्षम है।**गया हवाई अड्डा बिहार को दुनिया के बौद्ध स्थलों से जोड़ने वाले एक सांस्कृतिक सेतु के रूप में निरंतर प्रगति कर रहा है। यह बिहार की कालातीत विरासत को वैश्विक दर्शकों से जोड़ता है और भारत के विमानन मानचित्र पर राज्य को दृढता से स्थापित करता है।




### बिहार का आसमान, उज्ज्वल और असीम

जब पटना के रनवे नई रोशनी में जगमगा रहे हैं, बिहटा उड़ान भरने की तैयारी कर रहा है, दरभंगा दैनिक प्रस्थान के साथ गुनगुना रहा है, गया आस्था और इतिहास के माध्यम से महाद्वीपों को जोड़ता है और पूर्णिया अपने पहले यात्रियों का स्वागत करने के लिए तैयार है, बिहार का आसमान पहले कभी भी इतना उज्जवल नहीं दिख दिखता था। जो कभी ट्रेनों और राजमार्गों पर निर्भर क्षेत्र था, वह अब लगातार एक विमानन केंद्र में बदल रहा है। ये हवाई अड्डे टर्मिनलों से कहीं अधिक हैं; वे आकांक्षा के प्रतीक हैं। प्रत्येक यात्रा में शिक्षार्थियों की जिज्ञासा, व्यवसाय की लगन, साधकों का विश्वास और घर वापसी का उत्साह होता है। साथ में, वे एक नए अध्याय को चिह्नित करते हैं जहां बिहार न केवल भारत अपितु समूची दुनिया से जुड़ा हुआ है और विकास, समावेश एवं अवसर के भविष्य में उड़ान भर रहा है।

**संदर्भ**


नागरिक उड्डयन मंत्रालय

https://www.pib.gov.in/PressReleseDetailm.aspx?PRID=2066445

https://www.pib.gov.in/PressReleseDetailm.aspx?PRID=2132684

https://www.pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1907608

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1942038

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

https://www.aai.aero/hi/node/74281

https://www.aai.aero/en/airports/gaya

पत्र सूचना कार्यालय

https://www.pib.gov.in/ShowAlbum.aspx?albumid=196464

अन्य लिंक

https://state.bihar.gov.in/finance/cache/12/07-Mar-25/SHOW_DOCS/Economic%20Survey%20Final%2022.02.2025%20%20English_11zon.pdf


**पीके/केसी/एसएस/एसएस**